जोधपुर मूल के राम प्रजापति का नवाचार | पहुंचा 11 सौ करोड़ के टर्न ओवर के पार

'वेस्ट' को देख बेल्जियम में बना दी री-साइकिल कंपनी

पत्रिका सोशल प्राइड

अविनाश केवलिया
patrika.com

जोधपुर. जोधपुर सहित राजस्थान और पूरी दुनिया के लिए बड़ी समस्या बढ़ता हुआ वेस्ट है। इसमें से 60 प्रतिशत से ज्यादा गंदगी, कचरे का सेग्रीगेशन नहीं होने से हर शहर में डम्पिंग यार्ड के पहाड़ खड़े हो गए हैं। जोधपुर के केरू में भी यह देखा जा सकता है। लेकिन जोधपुर के ही एक व्यक्ति ने इसी वेस्ट की री-साइक्लिंग कंपनी शुरू की पिछले साल ही 1100 करोड़ के पार टर्नओवर पहुंचा दिया।

यह है राम कृष्ण प्रजापति। प्रारंभिक शिक्षा डीडवाना में ली और फिर सीए बने। पहले मुम्बई और फिर बेल्जियम में जॉब किया। डेढ़ साल पहले खुद का ही री-साइक्लिंग काम सिनर्जी ट्रेडको एनवी नाम से शुरू किया। कम समय में कई लोग जुड़े और 15 देशों में ऑफिस और 52 देशों में काम फैला लिया।

आधा किलो कचरा एक व्यक्ति करता है जनरेट

एक दिन में आधा किलो वेस्ट एक व्यक्ति जनरेट करता है। इस लिहाज से जल्द ही डम्पिंग के लिए लैंड भी पूरी हो जाएगी। वे वेस्ट पेपर, प्लास्टिक, ग्रैन्यूल्स, मेटल स्क्रेप, कॉइल्स और मैंगनीज मिनरल के वेस्ट दुनिया के सभी देशों में निर्यात करते हैं, भारत में भी इसका बड़ा हिस्सा आयात होता है। भारत में वेस्ट कलेक्शन सेग्रीगेशन और रिसाइकिल पर अभी भी बहुत काम होना बाकी है। राम भारत में 300 से अधिक लोगों की टीम बनाकर इसको एक प्रतिष्ठित समाजसेवी ग्रीन कॉरपोरेट प्रोडक्ट का रूप देना चाहते हैं।

व्यवहार परिवर्तन लाना जरूरी

रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने वाला विश्व में नम्बर एक देश स्वीडन है, वहां 98 प्रतिशत तक वेस्ट री-साइकिल होता है। बेल्जियम का नम्बर दूसरा है। वहां 92 प्रतिशत वेस्ट री- साइकिल है। भारत में इस स्तर तक जाने के लिए लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाना सबसे जरूरी है। यहां गीला व सूखा कचरा भी लोग अलग-अलग एकत्रित नहीं करते। जबकि उन देशों में लोग नियमानुसार चलते हैं।

ENGLISH TRANSLATION

पत्रिका

Story of a Re-Cycle Company with 11 Hundred Crore Turnover

- The innovation of Ram Prajapati of Jodhpur origin reached beyond the turnover of 11 hundred crores
- More than eight lakh tons of waste exports done since May 2019

By: Avinash Kewaliya
Published: 11 Jan 2021, 10:47 PM IST
Jodhpur, Jodhpur, Rajasthan, India

Story of a Re-Cycle Company with 11 Hundred Crore Turnover

Avinash Kevalia. Jodhpur
is a major growing problem for Rajasthan including Jodhpur and the whole world. More than 60 percent of the dirt, no segregation of waste, has led to mountains of dumping yards in every city. This can also be seen in the Keru of Jodhpur. But a person from Jodhpur started a re-cycling company of the same West, and reached a turnover of over Rs 1100 crore last year.

This is Rama Krishna Prajapati. Lee took his early education at Didwana and then became a CA. Worked first in Mumbai and then in Belgium. A year and a half ago, he started his own re-cycling work under the name Synergy Tradeco NV. In a short span of time many people joined and spread offices in 15 countries and in 52 countries. The condition of Keru Dumping Yard of Jodhpur is also seen in the east. On the West Collection, he dreams of bringing a major change to the entire country including Jodhpur. His Jodhpur love is also unique, with Jodhpur written on the number plate of his car in Belgium.

One person generates half a kilo of garbage

One person generates half a kilo of waste a day. In this sense, the land for dumping will also be completed soon. They export waste paper, plastics, granules, metal scraps, coils and manganese mineral waste to all countries of the world, with a large part of it also being imported into India. There is still much work to be done on waste collection segmentation and recycling in India. Ram wants to make it a prestigious philanthropic green corporate product by forming a team of more than 300 people in India.

Sweden is the number one country in the world promoting behavior recycling, where up to 98 percent of its waste is recycled. Belgium's number is second. There is 92 percent waste recycling. To go to this level in India, it is most important to change the behavior of people. Currently, people do not collect wet and dry waste separately. Whereas in those countries countries apart from wet, dry, there are different categories including Bio Waste, Metal Waste. Violations carry heavy penalties. Ram has also prepared a plan for such an arrangement for Rajasthan.